तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026



12 अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन सख्त, ...



12 'भारतीय जनता पार्टी' राष्ट्र निर्माण के संकल्प के...



## खबर संक्षेप

### साढ़े 6 लीटर महुआ शराब बरामद



**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत ग्राम में पुलिस ने 6 अप्रैल को छापामार कार्रवाई करते हुए शराब कोचिया को पकड़ा और उसके कब्जे से महुआ शराब को जब्त किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी सरोना निवासी 44 वर्षीय बिसू कोर्राम पिता गन्नू राम अपने कब्जे में साढ़े 6 लीटर महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ था और ग्राहक की तलाश में था। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बर्ड वाटर मिशन से प्यासे पक्षियों की बूझेगी प्यास



**कांकेर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कांकेर वॉलंटियर्स द्वारा एक सराहनीय और संवेदनशील पहल करते हुए बर्ड वाटर मिशन का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में प्यास से जूझ रहे पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना और उनके जीवन की रक्षा करना है। संस्था के सदस्यों ने इस मौके पर बताया कि अपने घरों की छत, आंगन, बालकनी या आसपास के सुरक्षित स्थानों पर पानी से भरे बर्तन रखें और नियमित रूप से उन्हें भरते रहें। इस अभियान के अंतर्गत लोग इस नेक कार्य में भाग लेकर उसकी फोटो साझा कर सकते हैं और सत्यापन के बाद प्रतिभागियों को कांकेर वॉलंटियर्स की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### घायल ने इलाज के दौरान तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए सरंगपाल निवासी चंद्रधर पटेल पिता जीवन लाल पटेल का 6 अप्रैल को मौत हो गई है। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत उड़कुड़ा निवासी दीपक उसेंडी पिता जानुराम का इलाज के दौरान 6 अप्रैल को मौत हो गई। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# दुधावा डैम की पहाड़ी पर आराम फरमाता तेंदुआ कैमरे में हुआ कैद

## वन विभाग ने की आमजन से अंधेरे में घर से नहीं निकलने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुधावा

कांकेर जिले के सरोना क्षेत्र में दुधावा डैम क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। डेम के किनारे स्थित पहाड़ी पर आराम फरमाते एक तेंदुए की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है, जो अब इलाके में चर्चा का विषय बन गई है।

बताया जा रहा है कि यह तस्वीर स्थानीय लोगों द्वारा उस समय ली गई, जब तेंदुआ खुले में बेफिक्र होकर चट्टानों पर बैठा दिखाई दिया। तस्वीर में तेंदुआ शांत मुद्रा में नजर आ रहा है, मानो वह अपने प्राकृतिक आवास में पूरी तरह सुरक्षित और सहज महसूस कर रहा हो। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, यह क्षेत्र घने जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है, जिससे तेंदुओं जैसे वन्य प्राणियों का यहां आना असामान्य नहीं है। हालांकि, इस तरह खुले इलाके में उनका दिखना लोगों के लिए कौतूहल और हल्की चिंता दोनों का कारण बनता है। वन विभाग को इस घटना की जानकारी दे दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और लोगों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें, लेकिन घबराएं नहीं। तेंदुए को किसी प्रकार की छेड़छाड़ या उकसाने की कोशिश न करें, क्योंकि इससे खतरा बढ़ सकता है। गौरतलब है कि दुधावा क्षेत्र में पहले भी तेंदुए की हलचल देखी जा चुकी है और गांव में कई बार आहट देकर कई लोगों को घायल कर चुका है। लंबे समय बाद तेंदुआ को देखकर दुधावा क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल फिर से बन गया है।



### निगरानी के लिए टीम कर रही गश्त

वन विभाग के अमले का कहना है कि दुधावा डैम क्षेत्र में तेंदुए के दिखने की जानकारी मिली है, हमारी टीम उस पर नजर रखे हुए है और गश्त बढ़ा दी गई है। आम नागरिकों से अपील करते हैं कि वे घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क जरूर रहें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और तेंदुए को देखने या उसके पास जाने की कोशिश न करें, यदि कहीं भी वन्यजीव नजर आए तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

## विरोध : महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक माहौल बिगड़ने की जताई आशंका

# सरोना क्षेत्र में खुलने वाली शराब दुकान के खिलाफ जनाक्रोश, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- कानून-व्यवस्था और युवाओं के भविष्य पर उठाए सवाल
- जनभावनाओं के खिलाफ निर्णय बताकर निरस्तीकरण की मांग

तहसील सरोना क्षेत्र में प्रस्तावित शराब दुकान के विरोध में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रवासी कलेक्टोरेट पहुँचे। एसडीएम को ज्ञापन देते हुए माँग किया कि हमारे इलाके में शराब दुकान होना नहीं चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस दुकान को जल्द निरस्त या अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया गया, तो क्षेत्र में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को दोपहर को लगभग 2 बजे के आसपास सैकड़ों की संख्या में पुरूष एवं महिलाएं, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी, कलेक्टोरेट के पास उमड़ पड़े। उमड़ी भीड़ में कौन क्या बोल रहा था, यह तो स्पष्ट नहीं था, परंतु एसडीएम अरूण वर्मा को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा , जिसमें उल्लेखित था कि सरोना तहसील अंतर्गत शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को संबोधित ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने दुकान खोलने के निर्णय को जनहित के विपरीत बताया है। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सरोना क्षेत्र एक शांतिप्रिय और सामाजिक दृष्टि से संवेदनशील इलाका है, जहां शराब दुकान खुलने से कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका है। उनका कहना है कि शराब की उपलब्धता बढ़ने से क्षेत्र में अपराध, अनैतिक गतिविधियों और असामाजिक तत्वों की सक्रियता में वृद्धि हो सकती है, जिससे आम नागरिकों का जीवन प्रभावित होगा।



### आंदोलन करने को होंगे मजबूर

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सरोना में प्रस्तावित देशी शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा नकारात्मक प्रभाव

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीणों ने गंभीर चिंता जताई है। ज्ञापन में कहा गया है कि शराब के कारण घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और अन्य आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा पर सीधा खतरा उत्पन्न होगा। साथ ही बच्चों और युवाओं के भविष्य पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि वे नशे की ओर आकर्षित हो सकते हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक वातावरण खराब होगा। इससे परिवारों में कलह बढ़ेगी और आर्थिक शोषण की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कई परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी, क्योंकि शराब की लत से आय का दुरुपयोग होने की संभावना रहती है।

### विभाग की मंशा जनभावनाओं के विपरीत

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि क्षेत्र के अधिकांश नागरिक इस निर्णय के विरोध में हैं और बिना जनसहमति के इस प्रकार का निर्णय लेना उचित नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं में केवल सरकारी दुकानों के संचालन की बात कही गई थी, लेकिन अब नई दुकान खोलने का निर्णय लिया जा रहा है, जो जनता की भावनाओं के विपरीत है।

# सागौन प्लांटेशन में सट्टा खेलते तीन जुआरी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- मौके से 10,320 रुपये नगद, सट्टा पट्टी और तीन मोबाइल जब्त
- करेंगांव और अंतागढ़ के तीन आरोपी जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार

थाना सिकसोड़ क्षेत्र में अवैध सट्टा कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने न केवल आरोपियों को दबोचा, बल्कि मौके से मोबाइल फोन और नकदी सहित सट्टा संचालन से जुड़े अहम सबूत भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल को थाना सिकसोड़ पुलिस टीम नियमित पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम करेंगांव के सागौन प्लांटेशन के पास कुछ लोग अंकों पर सट्टा-पट्टी लिखकर अवैध जुआ खिला रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल रणनीति बनाकर बताए ⏭ शेष पेज 10 पर

# बाहरी मजदूरों से काम कराने को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- ठेकादास के साथ पुराने हमाल ने की मारपीट

हमाली ठेकेदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जहां काम प्रभावित होने से नाराज पुराने मजदूरों ने आवेश में आकर न केवल गाली-गलौच की बल्कि जान से मारने की धमकी देते हुए ठेकेदार पर हमला कर दिया। घटना नरहरपुर थाना क्षेत्र का है, जहां बाहरी मजदूरों से काम कराने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे कोण्डागांव जिला के केशकाल निवासी 36 वर्षीय अहमद विरानी




पिता अब्दूल मजीद विरानी ने पुलिस को बताया कि नागरिक आपूर्ति निगम कांकेर के ब्लॉक नरहरपुर का हमाली ठेकेदार हूं। मेरे अधीन में 25 मजदूर प्रतिदिन काम कर रहे थे और 1 अप्रैल से 25 मजदूरों में से 7-8 मजदूर काम करने आ रहे थे, जिससे शासकीय काम प्रभावित हो रहा था। काम प्रभावित होने के कारण 6 अप्रैल को मैं जुनवानी गोदाम से काम करवाने मजदूर लाया था, लगभग 10.30 बजे पुराने ⏭ शेष पेज 10 पर

# सोते रह गए चालक | बाबूकोहका ढाबे के पास खड़े ट्रकों से 350 लीटर डीजल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बाबूकोहका के मेन रोड पर स्थित ढाबा में खाना खाने के लिए रूके दो ट्रक चालक रात को अपने-अपने वाहन में सोए हुए थे। अज्ञात आरोपियों ने खड़ी ट्रक के डीजल टंकी से डीजल की चोरी करके रफू चक्कर हो गए। शिकायत के बाद पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ पतासाजी शुरू कर दिया है।

जगदलपुर बलीराम कश्यप वार्ड क्रमांक 43 निवासी राशिद खान ने पुलिस को बताया कि खुद के वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 2155 का चालक हूं। ट्रक में आयरन गिट्टी एवं अन्य माल लोडकर जगदलपुर से रायपुर चलता हूं। मेरे ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 2155 में माल आयरन गिट्टी लोड करके रायपुर जाने के लिए 6 अप्रैल को ट्रक में 315.55 लीटर डीजल भराकर तथा मेरे परिचित ललसा यादव निवासी जगदलपुर पनारापारा के ट्रक क्रमांक सीजी 17 केपी 8328 में उसका चालक उमेशचंद गौंड के द्वारा ट्रक में आयरन गिट्टी लोडकर रायपुर जाने के लिए 209 लीटर डीजल डलवाकर दोनों



दोपहर लगभग 2 बजे रायपुर के लिए निकले थे। दोनों ट्रक आगे पीछे चलाते हुए साथ साथ आ रहे थे। ग्राम बाबूकोहका के पास रात लगभग 11 बज जाने से बाबूकोहका में रोड किनारे स्थित ढाबा में दोनों ट्रक को ढाबा परिसर में खड़ाकर ढाबा में खाना खाकर अपने-अपने ट्रक में सो गए थे। रात लगभग 3 बजे रायपुर जाने के लिए उठे और ट्रक के टायरों को चेक कर रहा था। इसी दौरान देखा कि मेरे ट्रक के डीजल टैंक का ढक्कन खुला हुआ था तथा डीजल टैंक के नीचे कुछ दुर पर कुछ मात्रा में जमीन पर डीजल ⏭ शेष पेज 10 पर

# बेटी की शादी का कार्ड बांटने निकले पिता पर हुआ हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में एक पिता के लिए बेटी की शादी की खुशियां उस समय दर्द में बदल गईं, जब कार्ड बांटने निकले व्यक्ति पर दो युवकों ने हमला कर दिया। हाथ-मुक्कों से की गई इस मारपीट में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला, वरना घटना और भी भयावह हो सकती थी।

जानकारी के अनुसार थाना कोरर क्षेत्र के ग्राम परसोदा के पत्थरींपारा निवासी 50 वर्षीय अश्वन साहू पिता पूरनलाल साहू ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि 5 अप्रैल को वह अपनी बेटी की शादी के निमंत्रण पत्र बांटने के लिए



- दो युवकों ने की बेरहमी से पिटाई

मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएच 0806 से निकले थे, मेरे साथ में ताराचंद भी मौजूद था। हम लोग जब पोटगांव से अंडी की ओर एक दुकान के पास पहुंचे, तभी वहां मौजूद चंद्रभान यादव और उसके एक साथी ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि दोनों ⏭ शेष पेज 10 पर

## खनिज विभाग को सौंपा, कार्रवाई के बाद भी सक्रिय हैं रेत माफिया

# नायब तहसीलदार ने बिना रॉयल्टी रेत ढो रहे दो वाहन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा क्षेत्र से बिना रायल्टी के अवैध रेत के परिवहन का खेल दिनदहाड़े जारी है। खनिज विभाग की कार्रवाई के बाद भी रेत माफियाओं में किसी भी तरह का डर नहीं है। लखनपुरी के नायब तहसीलदार ने भी अरौद घाट से बिना रायल्टी के रेत परिवहन में लगी दो हाईवा को पकड़ा। खनिज नियम के तहत कार्रवाई करने के लिए खनिज विभाग को सौंपा गया।

जानकारी के अनुसार लखनपुरी के नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अरौद घाट से बिना रायल्टी के रेत परिवहन कर रहे दो हाईवा क्रमांक सीजी 08 एएक्स 6299 और सीजी 08 बीबी 5999 वाहनों को पकड़ा। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों वाहन अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे थे। इसके बाद तत्काल दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया और आगे की कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में कई स्थानों से लगातार अवैध रेत खनन और परिवहन किया जा रहा है। रेत माफिया रात ही नहीं बल्कि दिन के उजाले में भी बेखौफ होकर इस अवैध काम को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। नायब तहसीलदार की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा है, लेकिन लोगों का मानना है कि केवल छिटपुट कार्रवाई से इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। जरूरत है कि लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध रेत कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।



नियमानुसार लगाया जाएगा जुर्माना

### चार दिन पहले दी थी हिदायत

गौरतलब है कि चार दिन पहले ही सहायक खनिज अधिकारी मृदुल गुहा ने रेत कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी थी कि पानी मिश्रित रेत का परिवहन न किया जाए। इसके बावजूद कुछ संचालक नियमों को दरकिनार करते हुए अवैध गतिविधियों में लगे हुए हैं। इस कार्रवाई से साफ है कि खनिज विभाग अब किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध कार्य को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

### रेत खदान संचालक पर होगी कार्रवाई

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों पर नियमानुसार जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति बिना रॉयल्टी या नियमों का उल्लंघन करते हुए रेत परिवहन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रेत खदान संचालक पर भी कार्रवाई की जाएगी।

WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

**खबर संक्षेप**

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 4 लाख रुपऐ की सहायता राशि

**कोण्डागांव।** मकड़ी तहसील के ग्राम देवहरदुली निवासी लच्छिन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर प्रकरण दर्ज किया गया। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत वारिसों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। मृतक की पुत्री सीमा, कामिनी, अनुपा, योगेश्वरी एवं पुत्र उग्रेश को यह सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर द्वारा संबंधित तहसीलदार को निर्देश दिए गए है कि स्वीकृत राशि वारिसों के बैंक खातों में जल्द हस्तांतरित की जाए।

### प्लेसमेंट कैंप में मिला 25 युवाओं को रोजगार



**कोण्डागांव।** कलेक्टर परिसर स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित प्लेसमेंट कैंप में विभिन्न निजी संस्थानों द्वारा कुल 396 पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया आयोजित की गई। कैंप में 97 बेरोजगार युवक–युवतियों ने आवेदन किया, जिनमें से 42 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान 38 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया, जबकि 25 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया गया। कैंप में रिलेशनशिप मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, ट्रेनिंग ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर, अकाउंटेंट एवं लेबर जैसे पदों पर भर्ती की गई। जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित 11 प्लेसमेंट कैंपों में 1027 आवेदकों ने भाग लिया है। जिनमें से 191 युवाओं का अंतिम चयन किया गया।

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अब 10 अप्रैल तक

**कोण्डागांव।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है। पहले यह प्रक्रिया 01 अप्रैल तक निर्धारित थी। इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक स्टोरकीपर, ट्रेडमैन 10वीं एवं 8वीं, अग्निवीर महिला सेना पुलिस सहित स्थायी कैडर के विभिन्न पदों के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निर्धारित अर्हताओं के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के लिए कार्यालयीन समय में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से संपर्क कर सकते हैं।

### ताड़मेटला नक्सल हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कोण्डागांव।** अधिकारियों ने सुकमा के ताड़मेटला में 6 अप्रैल 2010 को हुए नक्सल हमले में शहीद 76 जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि यह दिन सुरक्षा बलों के इतिहास में हमेशा भावुक और महत्वपूर्ण रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 188 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय चिकलपुट्टी, कोण्डागांव स्थित शहीद स्मारक पर कमांडेंट भवेश चौधरी द्वारा सलामी देकर की गई। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कमांडेंट भवेश चौधरी ने कहा कि शहीद जवानों का साहस और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने जवानों को शहीदों के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और सभी जवानों ने अमर रहे के नारे लगाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## नारायणपुर को विकास की नई पहचान देने की दिशा में तेजी से हो रहा काम: कश्यप

# वन मंत्री ने जिले को दी 17.59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# नालंदा परिसर, एनएच सहित 11 कामों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

वन, जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान नारायणपुर को 17 करोड़ 59 लाख 57 हजार रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले के विकास को नई गति प्रदान की। कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया कि इस अवसर पर नेशनल हाईवे 130डी के मजबूतीकरण कार्य, नालंदा परिसर (सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन सहित डीएमएफ और नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत कुल 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

- वन मंत्री ने हितग्राहियों को वितरित किए 20–20 हजार के चेक और आवास प्रमाण पत्र

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर सहित पूरे प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर के निर्माण से जिले के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा और अबूझमाड़ सहित नारायणपुर के बच्चे भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर इंजीनियर, डॉक्टर एवं शासकीय सेवाओं में स्थान प्राप्त कर सकेंगे। गढ़बेंगाल चौक से बखरूपारा मार्ग के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग 130डी के मजबूतीकरण कार्य को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह टीमवर्क के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। वन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प साकार हुआ है, जिससे अब नारायणपुर और अबूझमाड़ के विकास का मार्ग और अधिक सुगम हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं सहित सभी वर्गों के विकास एवं समृद्धि के लिए सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान वन मंत्री श्री कश्यप ने राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि के 03 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए का चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 25 हितग्राहियों को अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।





**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, संध्या पवार, गौतम एस. गोलछा, बृजमोहन देवांगन सहित पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, वन मंडल अधिकारी एम.जी. वेंकटेशा, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामचंद्र यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में जिलेवासी मौजूद रहे।

## आम पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर मंत्री केदार ने ग्रामीणों से किया संवाद

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'गांव चलो–बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण मंडल के ग्राम दुग्गाबैंगाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप गांव पहुंचे और कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री कश्यप आम के पेड़ की छांव के नीचे जमीन पर बैठकर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ सहज वातावरण में चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले समय में नारायणपुर जिला विकास और समृद्धि की नई पहचान बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश के दूरस्थ और आदिवासी अंचलों तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को खड़ा करने वाले उन महापुरुषों को वे नमन करते हैं, जिन्होंने अपना सर्वोच्च समर्पण कर इस संगठन की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या, निष्ठा और अथक परिश्रम के कारण भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि संगठन की असली शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता ही हैं। अपने संबोधन में मंत्री कश्यप ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान और गौरव है। हमारे बुजुर्गों द्वारा दिया





गया ज्ञान और जीवन मूल्यों की विरासत अनमोल है, जिसे सहेजकर रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने आगे कहा कि देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की धरती से घोषणा की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से सशस्त्र नक्सलवाद का सफाया किया जाएगा, और आज सुरक्षा बलों के साहस तथा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण यह लक्ष्य साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब विकास कार्यों की गति तेज हुई है और नारायणपुर जिले में भी तेजी से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे दूरस्थ अंचलों तक विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इस दौरान मंत्री कश्यप ने क्षेत्रवासियों की विकास संबंधी मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें पूरा करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री कश्यप ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भाजपा गमछा पहनाकर तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और संगठन के प्रति उनके लंबे समय से किए जा रहे योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर भाजपा जिलामंत्री व जिला पंचायत सदस्य संतनाथ उसेंडी ने भी अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल दुग्गा ने किया, जबकि आभार भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमानंद नानु नाग ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमशीला नाग, रानो पोटाई, हीरू दुग्गा, बैजू उसेंडी, राजेश ठाकुर, चमरोत नूरेटी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शहीद शिवलाल की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, श्रद्धांजलि के साथ सेवा कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के ग्राम पतोड़ा में7 अप्रैल को शहीद शिवलाल नेताम की छठवीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीद के परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शहीद शिवलाल नेताम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास एवं सीआरपीएफ 188 बटालियन के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके बलिदान को नमन किया। पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद के परिजनों द्वारा चौक से गुजरने वाले राहगीरों को ठंडा शरबत, खिचड़ी और तरबूज वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि शहीद शिवलाल नेताम का चयन वर्ष 2003 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हुआ था। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने त्रिपुरा, असम, जम्मू-कश्मीर एवं छत्तीसगढ़ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सेवाएं दीं। 7 अप्रैल 2020 को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के बीजबेहरा में सीआरपीएफ 116 बटालियन में तैनाती के दौरान आतंकियों से मुठभेड़ में उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

## नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**फरसगांव।** क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें फरसगांव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज चंद घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता के पिता ने 06 अप्रैल को थाना फरसगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी आनंद मंडावी ने 1 अप्रैल को मेला देखने के दौरान उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी ने नाबालिग होने की जानकारी के बावजूद शादी का झांसा देकर उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर अनाचार किया। रिपोर्ट के आधार पर थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 39/2026 के तहत धारा 65(1), 351(3) बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोंडागांव त्रिलोक बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा तथा एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास के नेतृत्व में टीम गठित की गई ।



## संभाग स्तरीय मछुवारा प्रकोष्ठ की बैठक भाजपा कार्यालय में

**फरसगांव।** भारतीय जनता पार्टी के मछुवारा प्रकोष्ठ की संभाग स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार की दोपहर कोंडागांव स्थित भाजपा कार्यालय में उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुई।

बैठक में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय, प्रभावशाली और उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिससे संगठन की मजबूती और समर्पण का परिचय मिला।

बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने, मछुआरा समाज की ज्वलंत समस्याओं के त्वरित एवं ठोस समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने को लेकर गंभीर एवं व्यापक मंथन किया गया। वक्ताओं ने समाजहित में आपसी समन्वय, संगठनात्मक एकजुटता और सतत जनसंपर्क को सफलता की आधारशिला बताते हुए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सह संयोजक प्रेमलता निषाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचेगा, तब तक वास्तविक विकास अधूरा ही रहेगा। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और कार्यकर्ताओं से पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ऊर्जा के साथ संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने में जुटने का आग्रह किया गया।



**इनकी रही मौजूदगी**

इस दौरान प्रदेश सह संयोजक युगल कैवर्त, पूनम कैवर्त, बस्तर संभाग प्रभारी रामप्रसाद निषाद, कोंडागांव जिला संयोजक लोकनाथ निषाद, बस्तर जिला संयोजक बलराम निषाद, कांकेर जिला संयोजक प्रकाश निषाद, सुकमा जिला संयोजक तामेश निषाद, नारायणपुर जिला संयोजक हीरा निषाद, शेखर निषाद सहित मछुवारा प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सरोना में गरजा कमल का संकल्प, 57 बूथों पर भाजपा का विराट शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन तथा जिला अध्यक्ष महेश जैन के मार्गदर्शन में सरोना मंडल में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल प्रभारी डॉ. देवेंद्र साहू के दिशा-निर्देश और मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रमों का उद्देश्य संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना रहा।

सरोना मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी 57 बूथों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा ने अपने संगठनात्मक ढांचे की मजबूती का परिचय दिया। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को प्रदर्शित किया। इस सामूहिक सहभागिता ने यह स्पष्ट कर दिया कि बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत है और कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय हैं। मंडल मुख्यालय सरोना में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में पार्टी की विचारधारा, इतिहास, संघर्ष और उपलब्धियों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने राष्ट्रवाद की भावना और संगठन की कार्यप्रणाली पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला



पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने पार्टी की संघर्षमयी यात्रा और सिद्धांतों के प्रति अडिग रहने की परंपरा को रेखांकित किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को नेतृत्व का मंच प्रदान करती है। पूर्व जिला मंत्री हीरा मरकाम ने संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक विस्तार में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम और अधिक प्रभावशाली बना। कार्यक्रम के अंत में मंडल महामंत्री किशोर भास्कर द्वारा सफल संचालन किया गया तथा मंडल महामंत्री कन्हैया नेताम ने आभार व्यक्त करते हुए समापन किया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

पेज 9 के शेष

### सागौन प्लांटेशन...

गए स्थान पर दबिश दी और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करेंगांव निवासी 41 वर्षीय राजेश बघेल, गढ़पारा अंतागढ़ निवासी 52 वर्षीय शेख शरीफ कुरैशी और तरियापारा करेंगांव निवासी 33 वर्षीय चंपा लाल कोर्राम को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर राजेश बघेल के पास से एक डॉट पेन, सट्टा-पट्टी जिसमें 10 हजार 320 रुपये की एंट्री दर्ज थी और एक मोबाइल फोन मिला। वहीं शेख शरीफ कुरैशी के पास से 10 हजार 320 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। तीसरे आरोपी चंपा लाल कोर्राम के पास से सट्टा-पट्टी का चार्ट और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में अवैध जुआ-सट्टा पर लगाम लगेगी।

**तीनों सटोरियों पर हुई कार्रवाई:** पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध सट्टा गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बाहरी मजदूरों से ....

कार्यरत मजदूर (हमाल) रामचरण यादव निवासी मर्रामपानी, केशव कांगे निवासी पंडरीपानी, शंभू राम निवासी मर्रामपानी, राकेश कोर्राम निवासी मर्रामपानी के द्वारा बाहर से काम करवाने मजदूर लाए हो कहते हुए आवेश में आकार गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ थप्पड़, मुक्का, ड्रम व हुक से मारपीट किए। मारपीट से दोनों हाथ में खरोच आया है एवं दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामचरण यादव, केशव कांगे, शंभू राम व राकेश कोर्राम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बाबूकोहका ढाबे के...

गिरा हुआ था। इसी तरह साथी ट्रक चालक उमेशचंद गौंड का ट्रक का डीजल टैंक भी खुला हुआ था एवं टंकी में डीजल खाली हो गया था। हम दोनों को ट्रक में सोया हुआ पाकर मेरे ट्रक से लगभग 150 लीटर कीमत 14 हजार 550 रूपएं एवं मेरे साथी के ट्रक से लगभग 200 लीटर डीजल कीमत 19 हजार 400 रूपएं कुल 350 लीटर डीजल इस तरह कुल कीमत 33 हजार 950 रूपएं को कोई अज्ञात चोर ट्रक के डीजल टंकी के ढक्कन को खोलकर पाईप लगाकर डीजल को टंकी से खीचकर चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बेटी की शादी ...

युवकों ने पहले अश्लील और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और पूछताछ करने लगे। इस पर अश्वन साहू ने उन्हें बताया कि वे अपनी बेटी की शादी के कार्ड बांटने जा रहे हैं। इसके बावजूद आरोपियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उन्होंने गाली-गलौज करते हुए अचानक हाथ, लात और मुक्कों से हमला कर दिया। इस हमले में अश्वन साहू के हाथ और कान में चोटें आईं। मारपीट के दौरान उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया गया था। घटना स्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया, अन्यथा मामला और गंभीर हो सकता था।

**आरोपियों की तलाश जारी:** पीड़ित की शिकायत पर थाना कोरर पुलिस ने आरोपी चंद्रभान यादव एवं अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### हेमला का जीवन संघर्षों से भरा रहा

**बीजापुर।** 22 वर्षीय अरविंद हेमला का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। बीजापुर जिले के एक साधारण ग्रामीण परिवार में जन्मे अरविंद बचपन से ही आर्थिक तंगी, अशिक्षा और सामाजिक चुनौतियों से जूझते रहे। परिवार की आजीविका कृषि मजदूरी पर निर्भर थी, जिससे दैनिक जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो जाता था।
कम उम्र में ही माता-पिता का साया सिर से उठ जाना उनके जीवन का सबसे बड़ा आघात था पिता का निधन 2009 में और माता का 2016 में हो गया। इस घटना ने अरविंद को पूरी तरह अकेला और असहाय बना दिया। युवावस्था में गलत संगति, क्षेत्रीय परिस्थितियों और आर्थिक मजबूरियों के कारण अरविंद नक्सली गतिविधियों की ओर आकर्षित हो गए। धीरे-धीरे वे इस रास्ते में उलझते चले गए, जिससे उनका सामाजिक और पारिवारिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। लेकिन समय के साथ अरविंद को एहसास हुआ कि यह रास्ता उन्हें केवल भय और अनिश्चित भविष्य की ओर ले जा रहा है। उन्होंने अपने जीवन को बदलने का दृढ़ संकल्प लिया। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर उन्होंने मार्च 2025 में स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया।
आत्मसमर्पण के बाद शासन द्वारा उन्हें पुनर्वास केंद्र बीजापुर में आवश्यक मार्गदर्शन, सहयोग और कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया।

## निधन

### फूलचंद बाफना



**जगदलपुर।** गीदम निवासी दंतेश्वरी सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप के संचालक फूलचंद बाफना पिता स्व. मेघराज जैन का राजनांदगांव के पूर्व महापौर अजीत जैन के निवास में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजनांदगांव मुक्तिधाम में किया गया। 80 वर्षीय फुलचंद बाफना अजित जैन के ससुर थे। वे विगत 8 वर्षों से अपनी धर्मपत्नी के साथ अपनी पुत्री सुनिता जैन के साथ रह रहे थे। फूलचंद बाफना की पत्नी सुवाबाई एवं चार पुत्रियां है। उनकी अर्थी को कंधा मुखाग्नि व कपाल क्रिया उनकी पुत्री सुमन दुग्गड पति स्व. राजकुमार दुग्गड़ निवासी जगदलपुर व सुनिता जैन पति अजित जैन एवं संतोष बोथरा पति राजकुमार बोथरा निवासी जगदलपुर, सीमा सुराना पति अरविंद सुराना निवासी गीदम के द्वारा किया गया। अंतेष्ठि में राजनांदगांव शहर के नागरिक, परिवारजन, रिश्तेदार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### बदलते वक्त के साथ अब गांव से शहर तक आसान हुआ सफर

# विकास से जोड़ने का मार्ग हुआ प्रशस्त : कलेक्टर

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

जहां पहले नक्सलियों के डर के कारण लोग गांव से बाहर निकलने में भी डरते थे, वहीं अब सुरक्षा और स्थिरता लौटने के बाद ग्रामीण निर्भय होकर शहरों की ओर जा रहे हैं। बस सुविधा मिलने से अब लोग रोजी-मजदूरी, व्यापार, इलाज और शिक्षा के लिए

- मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना बनी ग्रामीणों के लिए वरदान
- लखापाल-केरलापेंदा-नागाराम क्षेत्र के ग्रामीणों का पैदल संघर्ष हुआ समाप्त

गांव से बाहर आसानी से आ-जा रहे हैं कभी नक्सल आतंक और दुर्गम रास्तों के कारण जिन गांवों के लोग अपने ही क्षेत्र में सीमित रहने को मजबूर थे, आज वही ग्रामीण अब निर्भय होकर शहरों तक पहुंच रहे हैं।

नक्सलवाद की समाप्ति के बाद सुकमा जिले के दूरस्थ इलाकों में विकास की नई रोशनी पहुंची है। इसी बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना, जिसने वनांचल और अंदरूनी क्षेत्रों के लोगों की जिंदगी में बड़ा परिवर्तन ला दिया है। कोंटा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम लखापाल, केरलापेंदा और नागाराम सहित आसपास के कई गांवों के लिए अब दोरनापाल तक पहुंचना आसान हो गया है।






#### नक्सल भय से मुक्त होने लगा सुखमय सुकमा

जहां पहले नक्सलियों के डर के कारण लोग गांव से बाहर निकलने में भी डरते थे, वहीं अब सुरक्षा और स्थिरता लौटने के बाद ग्रामीण निर्भय होकर शहरों की ओर जा रहे हैं। बस सुविधा मिलने से अब लोग रोजी-मजदूरी, व्यापार, इलाज और शिक्षा के लिए गांव से बाहर आसानी से आ-जा रहे हैं। यह बदलाव केवल यातायात तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला कदम साबित हो रहा है।

#### ग्रामीणों ने जताया आभार

इरकमपल्ली निवासी मोहनरंजन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, परिवहन मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह योजना दूरस्थ और पहुंचविहीन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का बड़ा माध्यम बन रही है। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

#### 10 बसों का संचालन

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे और दूरस्थ क्षेत्रों में मुख्यमंत्री बस सेवा योजना के अंतर्गत 10 बसों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही 5 हक्कुम मेल बसों का संचालन भी लगातार दूरस्थ क्षेत्रों में किया जा रहा है। बसों के सफल संचालन हेतु शासन द्वारा बसों को सब्सिडी प्रदान की जाती है, साथ ही 3 वर्षों के लिए रोड टैक्स में छूट भी दी गई है। यह पहल छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशीलता और जिला प्रशासन की सक्रियता का परिणाम है, जिससे दूरस्थ गांवों में रहने वाले नागरिकों को विकास से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



#### सुविधाओं के साथ विकास की नई रफ्तार

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना अब सिर्फ परिवहन योजना नहीं रह गई है, बल्कि यह सुकमा जिले के ग्रामीण अंचलों में विश्वास, सुविधा और विकास का प्रतीक बन चुकी है। नक्सलवाद के अंधकार से निकलकर अब यह क्षेत्र विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और ग्रामीणों के जीवन में यह परिवर्तन एक नए भविष्य की शुरुआत है।

#### अब राह हुई आसान

ग्राम लखापाल निवासी श्री कूड़ाम जोगा बताते हैं कि बस सेवा शुरू होने से पहले उन्हें मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए चिंतलनार तक पैदल जाना पड़ता था। कई बार समय पर बस नहीं पकड़ पाने के कारण उनका पूरा दिन खराब हो जाता था और जरूरी कार्य अधूरे रह जाते थे। ग्रामीणों ने कहा पहले बस पकड़ने के लिए घंटों पैदल चलना पड़ता था। कई बार बस छूट जाती थी। अब दोरनापाल-नागाराम मार्ग पर बस चलने से हमारी जिंदगी बदल गई है।

#### अब सुरक्षित वापसी संभव

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत संचालित बस सेवा अब पोलमपल्ली, कांकेरलंका, चिंतागुफा, चिंतलनार, लखापाल, केरलापेंदा और नागाराम जैसे गांवों के नजदीक से गुजर रही है। ग्रामीण अब आसानी से बस में सवार होकर दोरनापाल पहुंचते हैं, अपने जरूरी कार्य पूरे करते हैं और उसी बस से सुरक्षित वापस लौट आते हैं। इस सुविधा से न केवल समय और श्रम की बचत हो रही है, बल्कि यह योजना महिलाओं, बुजुर्गों, विद्यार्थियों और श्रमिकों के लिए भी बड़ी राहत बन गई है।

## कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता बनाए रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज : सुकमा

कलेक्टर अमित कुमार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को समय सीमा की बैठक आयोजित कर, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं

- स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास कार्यों की समीक्षा
- 14 अप्रैल से स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गायनाकोलॉजिस्ट एवं सर्जन के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित कर आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने जिले में 14 अप्रैल से 13 मई तक लगभग एक माह की अवधि में जिलेभर में लगभग 1300 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक की शत-प्रतिशत स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को शिविरों के सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने, व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मुनादी कराने तथा मौसम के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक हितग्राही का ई-केवाईसी पूर्ण कराने पर भी जोर दिया गया।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ मिशन कर्मयोगी एवं कर्मयोगी भारत कार्यशाला के अंतर्गत सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का ऑनबोर्डिंग 30 अप्रैल तक पूर्ण कराएं। उन्होंने ईएचआरएमएस एवं आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मिशन कर्मयोगी के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैठक में फील्ड विजिट के दौरान दिए गए निर्देशों की भी समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों, आश्रमों एवं छात्रावास भवनों में आवश्यकतानुसार हैंडपंप चिन्हांकन कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। नगर पालिका परिषद सुकमा में विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

#### कार्य में लाए प्रगति

बैठक में आधार कार्ड एवं अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले में साइंस पार्क, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की दिशा में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। जगरगुंडा में कन्या आश्रम, बालक आश्रम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत कैफे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास) के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## पोलेमपल्ली में न साफ पानी न डॉक्टर, कलेक्टर को भेजा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

ग्राम पंचायत पोलेमपल्ली में बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी को लेकर युवा कांग्रेस ब्लॉक दोरनापाल की अध्यक्ष किच्चे

- एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई

सविता ने कलेक्टर सुकमा को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पत्र में गांव की जमीनी समस्याओं को विस्तार से उठाया गया है। पत्र के अनुसार पोटाकेबिन पोलेमपल्ली और कन्या आश्रम जगरगुंडा में पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। पानी की कमी के कारण छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ऐसे में तत्काल टैंकर से पानी उपलब्ध कराने की मांग की गई है स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोलेमपल्ली में केवल दो नर्स पदस्थ हैं, जिनमें से एक अक्सर कार्यालयीन कार्यों में व्यस्त रहती हैं। यहां एमबीबीएस डॉक्टर की नियमित उपलब्धता नहीं होने से ग्रामीणों को इलाज के लिए दूरस्थ अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है।

इसके अलावा क्षेत्र में मिनी एम्बुलेंस की अनुपलब्धता को गंभीर समस्या बताया गया है। हाल ही में एक छात्रा की मौत को भी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जोड़ते हुए त्वरित एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। आंगनबाड़ी और स्कूलों की स्थिति भी दयनीय बताई गई है। कई केंद्रों में पानी, शौचालय, बिजली और पंखे जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, वहीं भवन जर्जर अवस्था में हैं। नल-जल योजना को भी पूरी तरह विफल बताते हुए कहा गया है कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए नदी-नालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पत्र के अंत में कलेक्टर से इन सभी समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लेकर समाधान सुनिश्चित करने की मांग की गई है। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान के अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया में युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हेतु जानकारी दी गई। नवा तरिया कार्यों हेतु स्थलों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना तैयार की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण को 90 दिवस में पूर्ण करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही हितग्राहियों को प्राप्त राशि की जानकारी प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूह की दीदियों को सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जियो-टैगिंग कार्यों की पूर्णता, शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा क्यू कोड के माध्यम से योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

## पर्यटन स्थलों में साफ सफाई एवं प्लास्टिक के उपयोग को रोकने प्रभावी कार्यवाही करें अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक खातों के मिलान हेतु निर्देश जारी के संबंध में कहा गया कि स्थायी वित्त निर्देश 6, 2024 के तहत सभी संबंधित अधिकारियों को बैंक खातों के स्टेटमेंट का केशबुक एवं कार्यालय लेखों से मिलान निश्चित समय सीमा कर लेवें। इसके साथ ही बैंक समाधान विवरण प्रस्तुत करने एवं खातों के प्रकटन से संबंधित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को भी कहा गया। इस जारी निर्देशों के अनुसार, सभी खातों की जांच एवं मिलान 31 दिसंबर 2025 तक की स्थिति में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।




बैठक में कलेक्टर ने जिले के मुख्य पर्यटन स्थलों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के संबंध में कहा गया कि इसके लिए पर्यटन स्थलों में पर्यटन गतिविधियां संचालित करने वाली पंचायतों की ओर से स्वच्छता टीम का गठन किया जाए। जो न केवल स्थलों की साफ सफाई करेगी साथ ही साथ वहां आने वाले पर्यटकों को प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के संबंध में कार्यवाही करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के दर्शनीय स्थलों में प्लास्टिक बोतले, पॉलीथिन के जमाव से स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही है। इसे रोकने के लिए प्रशासनिक प्रयास जरूरी है। यह भी कहा कि मुख्यालय में स्थित माई दंतेश्वरी के मंदिर तट पर स्थित शंकर नदी में भी फूल सहित अन्य पूजा सामग्रियों को प्रवाहित कर दिया जाता है यह भी पर्यावरण एवं स्वच्छता की दृष्टि से उचित नहीं है। इन सब उपयोग किए गए पूजा सामग्रियों फुल आदि के सुरक्षित निस्तारण हेतु कार्य योजना बनाएं। इसके साथ ही बैठक में नागरिक आपूर्ति निगम से भंडारण रिपोर्ट की अद्यतन जानकारी अपडेट करने, जिले के 33 शहीद परिवारों में से जिनके पास पूर्व से ही बोर सुविधा हो उन्हें तारबाड़ी फेंसिंग, की सुविधा उपलब्ध कराने, मिलेट कैफे में विद्युतीकरण, बायो मेडिकल वेस्ट के निपटान, प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्यघर योजना,के संबंध में वेडरों की बैठक आयोजित करने, जनगणना के संबंध में नियुक्त प्रगणकों की टीम को प्रशिक्षण के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समय सीमा बैठक में विभागों के परस्पर लंबित मुददे और उसके निराकरण के लिए की गई कार्यवाही की भी कलेक्टर द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, सहित सभी विभाग के विभागीय प्रमुख उपस्थित थे।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए अंतर-विभागीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टोरेट में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य और मनो सामाजिक कल्याण पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के लगभग 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह सत्र मनो बस्तर पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन और मरीवाला हेल्थ इनिशिएटिव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बस्तर जिले के आवासीय संस्थानों में रहने वाले जनजातीय बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समर्थन और आत्महत्या रोकथाम के लिए संस्थागत तैयारियों को मजबूत करना था।

कार्यशाला का संचालन डॉ. अचल भगत ने किया, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक समग्र (इंटरसेक्शनल) दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। डॉ. भगत अपोलो हॉस्पिटल्स में वरिष्ठ मनोचिकित्सक हैं, जो सार्थक मेंटल हेल्थ नामक एक गैर-लाभकारी संस्था के अध्यक्ष भी हैं और एक सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी हैं, जिन्हें सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य और जनसंपर्क के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। सत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होता है, और इन चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के बीच सहयोग आवश्यक है।

प्रतिभागियों ने आवासीय संस्थानों में रहने वाले बच्चों की दैनिक परिस्थितियों पर चर्चा की और इस बात पर प्रकाश डाला कि पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पानी और मनोरंजक गतिविधियों तक पहुँच उनके मानसिक स्वास्थ्य को किस प्रकार प्रभावित करती है। कार्यशाला का मुख्य संदेश यह था कि विभागों के अधिकारी अपने मौजूदा कार्यों में मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को शामिल करें।

## डीएवी स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ आयुष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी स्कूल दंतेवाड़ा में आयुष विभाग के आयुष योग वेलनेस सेन्टर और आयुर्विद्या कार्यक्रम के चिकित्सकों द्वारा योग आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 470 विद्यार्थी और 26 स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में योगाभ्यास के साथ ही दिनचर्या, हाइजीन विषय पर बच्चो को जानकारी दी गई। साथ ही स्वस्थ रहने के तरीके बच्चो को बताए गये। उक्त शिविर में डॉ. संतोष बर्मन, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक, डॉ. रविन्द्र सिंह आयुर्वेद चिकित्सक ने अपनी सेवाए दी।





# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन सख्त, बैठक में बनी कार्ययोजना

## पुलिस, शिक्षा व पंचायत विभागों के समन्वय से चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में कांकेर में प्रशासन ने एक और ठोस कदम बढ़ाया है। आगामी अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देशों के साथ जिला बाल संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें बच्चों के अधिकारों और उनके सुरक्षित भविष्य को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत गठित जिला बाल संरक्षण समिति एवं अन्य संबद्ध समितियों की बैठक मंगलवार 7 अप्रैल को आयोजित की गई। आयोजित बैठक में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन जिले भर में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के लिए पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के बीच समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं के पुनर्वास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। उन्हें संस्था से विमुक्ति के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा बाल देखरेख संस्थाओं में रह रही बालिकाओं एवं पास्को एक्त के पीड़ितों को कौशल विकास विभाग के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें।

### आवश्यक संसाधनों पर भी चर्चा

अपर कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और पुनर्वास से जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरता से काम किया जाएगा, ताकि जिले में बाल संरक्षण व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बन सके। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बालिका गृह, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के भवनों के उन्नयन और मरम्मत कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर भी चर्चा किया।



### ये रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर, सहायक आयुक्त जया मनु, डीसपी प्रतिभा लहरे के अलावा विभाग के जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आंबा में 7 माह की बच्ची कौशिकी का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न



**कांकेर।** शहर के संजय नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 7 अप्रैल को 7 माह की बच्ची कौशिकी साहू का अन्नप्राशन संस्कार विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित स्थानीय महिलाओं एवं परिजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बच्ची को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि अन्नप्राशन संस्कार बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होता है। इस अवसर पर माताओं को बच्चों के पोषण, टीकाकरण एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने बच्ची कौशिकी को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन का माहौल हर्षोल्लासपूर्ण रहा और सभी ने मिलकर इस खुशी के पल को साझा किया।

### पंचायत सचिव भर्ती की चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**कांकेर।** जिला पंचायत कांकेर द्वारा जिले के ग्राम पंचायत सचिवों पंचायत कर्मी के 18 पदों पर भर्ती के लिए कम्प्यूटर कौशल परीक्षा के बाद वरीयता सूची के आधार पर संबंधित अभ्यर्थियों की चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया गया है। ग्राम पंचायत सचिवों के लिए चयनित 18 अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज का सत्यापन 09 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत कार्यालय कांकेर में किया जाएगा। अभ्यर्थी चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का अवलोकन जिला पंचायत कांकेर के सूचना पटल एवं जनपद पंचायत कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा के सूचना पटल पर कर सकते हैं। चयन सूची को कांकेर जिले के वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

## कार्यक्रम : बिरनपुर में स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया

# 'भारतीय जनता पार्टी' राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

भाजपा मंडल नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरनपुर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माँ भारती एवं महापुरुषों के छायाचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं और साथ ही भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए केंद्र एवं राज्य में चल रही डबल इंजन की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा कार्यकर्ता मुकेश संचेती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है। उन्होंने कहा कि जनसंघ के समय से ही पार्टी ने देशहित, अंत्योदय और गरीब कल्याण को अपने मूल सिद्धांतों में रखा है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। डबल इंजन की भाजपा सरकार के कारण केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ तेजी से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने आम जनता के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा में लगे हुए हैं। बैठक के दौरान बिरनपुर बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच शहसत्र अर्जुन वट्टी, मोहन साहू, सुषमा अटभैया, धनेश नेताम, रामेश्वर साहू, महमूद अली, पंकज सिन्हा, गैंदाराम नेताम, नरेंद्र कोडोपी, बिरझी बाई नेताम, दिनेश नेताम, शंकर कोडोपी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# संगठन विस्तार और पेंशनर भवन निर्माण पर बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

■ छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ, तहसील शाखा अंतागढ़ की मासिक बैठक जिला संरक्षक अंकालूराम पवार के मार्गदर्शन एवं तहसील अध्यक्ष रामरतन शांडिल्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत जिला संरक्षक अंकालूराम पवार के पुष्पहार से स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात विशेष अतिथि प्रह्लाद नायक सहित जिलाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रचार एवं संगठन सचिव, कार्यकारी सदस्य तथा महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों का सम्मान किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए। प्रमुख रूप से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया, ताकि संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इसके साथ ही वर्ष 2017 से 2026 तक के 86 माह के लंबित महंगाई राहत डीए एरियर्स के भुगतान के लिए एक मांग, एक मंच के बैनर तले चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। सदस्यों ने यह भी तय किया कि पेंशन से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। प्रत्येक वार्ड में जाकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने और उनकी समस्याओं को सामने लाने की रणनीति बनाई गई। इसके अलावा जिला मुख्यालय कांकेर में पेंशनर भवन निर्माण के लिए भूखंड या भवन की मांग को लेकर भी चर्चा हुई। इस संबंध में आगे की कार्ययोजना तैयार करने के लिए 8 अप्रैल 2026 को कांकेर में पुनः एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में संगठन को मजबूत बनाने और पेंशनधारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# विद्यार्थियों को मिला भविष्य निर्माण का मार्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल


शासकीय हाईस्कूल डांगरा में 7 अप्रैल को यूथ एवं ईको क्लब के तत्वावधान में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य के प्रति जागरूक करना तथा सही विषय चयन के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए अनुभवी शिक्षकों ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य राजेन्द्र कुमार आवड़े, व्याख्याता ललित नरेटी, शासकीय हाई स्कूल मंगहूर के व्याख्याता हीरा लाल करंगा एवं डांगरा हाई स्कूल के प्राचार्य राम नारायण हिरवानी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा विद्यार्थी जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ होती है, जहां से भविष्य की दिशा तय होती है। इसलिए विषय का चयन रुचि, क्षमता और समझ के आधार पर करना चाहिए। वक्ताओं ने हमर लक्ष्य के तहत विशेष रूप से गणित विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में गणित का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। इंजीनियरिंग, तकनीकी और वैज्ञानिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए गणित एक मजबूत आधार प्रदान करता है। विद्यार्थियों को इस विषय को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जेईई, नीट, एनडीए, पीपीटी, एनडीपी और क्लैट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इन परीक्षाओं के पाठ्यक्रम, तैयारी की रणनीति, प्रवेश प्रक्रिया एवं उपलब्ध छात्रवृत्तियों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता मिले। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने करियर से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल और स्पष्ट उत्तर देकर समाधान किया गया। इससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें अपने भविष्य के प्रति स्पष्ट दिशा मिली। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता राजबती पोटाई, खेमेश्वरी वर्मा, अंजू ध्रुव एवं राकेश कुमार सोनवानी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सगनू के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ संघर्ष से सम्मान तक



सगनूराम आंचला जीवन यात्रा एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि सही दिशा और अवसर मिलने पर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन को नई राह दे सकता है। सगनूराम बताते हैं कि वे पहले नक्सल गतिविधियों से जुड़े हुए थे। उनका अधिकांश समय जंगलों में भटकते हुए बीतता था, जहां न तो स्थायित्व था और न ही भविष्य की कोई स्पष्ट दिशा। लेकिन शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया और कांकेर में आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पण के बाद उन्हें भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम मुल्ला चौगेल स्थित पुनर्वास केंद्र में 3 माह का कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने राजमिस्त्री, काष्ठ शिल्प कला के साथ-साथ इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण भी हासिल किया और साथ ही उन्होंने अपनी अधूरी शिक्षा को पूरा करते हुए पहली से आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई भी पूरी की। आज सगनूराम अपने सीखे हुए हुनर के दम पर एक निजी फर्म में इलेक्ट्रिशियन के रूप में चयनित हो चुके हैं, जहां उन्हें प्रतिमाह 15,000 रुपये वेतन मिलेगा। वे जल्द ही इस कार्य में जुड़ने वाले हैं और अपने नए जीवन को लेकर बेहद उत्साहित है। सगनूराम आंचला ने इस सकारात्मक बदलाव के लिए केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। उनकी यह सफलता उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है, जो परिस्थितियों के कारण भटके हुए हैं, सही मार्ग चुनकर जीवन को नई दिशा दी जा सकती है। इसी तरह प्रशिक्षण देकर उन्हें सुनयोजित कर कांकेर जिला बस्तर संभाग में रोजगार देने वाला प्रथम जिला बन गया है।

# मिशन गांव चलो अभियान में बूथ कमेटियों और पंचायत कमेटी के गठन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

■ विकास कार्यों की गति धीमी और जनता परेशान: विधायक मंडावी

विकासखंड के ग्राम मंचादूर में कांग्रेस पार्टी द्वारा मिशन गांव चलो अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण और व्यापक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा के तहत 8 मंडल कमेटी, 20 सेक्टर कमेटी एवं 106 बूथ कमेटियों के गठन और सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने संगठन की मजबूती का संदेश दिया।

आयोजित कार्यक्रम विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की गति धीमी हो गई है और आम जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रत्येक घर तक पहुंचें और सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है और इसके लिए जमीनी स्तर पर निरंतर मेहनत आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों के लिए कार्य करती आई है और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने मेरा बूथ, सबसे मजबूत के संकल्प के साथ बूथ, पंचायत और वार्ड स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंचादूर, भरीटोला, डोकला-1, डोकला-2 तथा पंचायत कमेटी ढोकला और भरीटोला में बूथ एवं पंचायत कमेटियों का गठन किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

*इस अवसर पर जिला प्रभारी लेखराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव, पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ नरेंद्र यादव, हिरवेन्द्र साहू, विजय ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत हेमंत ध्रुव, महेन्द्र नायक, आवरी भूषण सिन्हा, चंद्र कुमार कांगे, सौरभ तारम, मंजू सोनकर, नोतन भोयर, कमलेश रानू सेन, राजेंद्र सलाम, सौरभ तरम, हिंच्छाराम भुरकुरिया, संतोष शिंदे, समीर बंछोर, दिनेश राठौर, विकास मंडावी, तेजेन्द्र साहू, जय साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### आपदा पीड़ित के परिजन को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम राउरवाही निवासी 72 वर्षीय सोमारू राम की गड्ढा में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी तुलसीबाई कोठारी के लिए चार लाख रुपए तथा ग्राम मेड़ो निवासी 62 वर्षीय मिजाम कोमरा की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने से उनके निकटतम आश्रित बाबूलाल कोमरे के लिए चार लाख रूपए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कच्चे निवासी 30 वर्षीय चन्दन उर्वशा की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता राधेलाल उर्वशा और रमतूबाई के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## संयुक्त पुलिस कर्मचारी व परिवार कल्याण संघ की प्रेसवार्ता

# पुलिस व पत्रकारों को बदनाम करने की साजिश का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

■ नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ ने मीडिया से रूबरू होते हुए पुलिस विभाग और पत्रकारों की छवि को धूमिल करने की कथित साजिश पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। संघ का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व सुनियोजित तरीके से पुलिस अधिकारियों और मीडिया कर्मियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ ने हाल ही में एसडीओपी शेर बहादुर सिंह का पुतला दहन किए जाने की घटना पर भी कड़ा रुख अपनाया है। उन्होने सवाल उठाया है कि यह प्रदर्शन आखिर किसके इशारे पर और किन उद्देश्यों के तहत किया गया। इसके साथ ही सड़क पर जबरन वाहनों को रोकने की घटनाओं को लेकर भी संघ ने आपत्ति जताते हुए इसे गैरकानूनी और अराजकता फैलाने वाला कदम बताया है। पत्रकारों पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए संघ ने स्पष्ट किया कि यदि इन आरोपों के समर्थन में कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किए गए, तो संबंधित लोगों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी। अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अवैध रेत उत्खनन के मुद्दे को लेकर भी संघ ने कई सवाल उठाए हैं। संघ का कहना है कि यदि वास्तव में अवैध गतिविधियां हो रही थीं, तो संबंधित गांव के लोग विरोध के लिए आगे क्यों नहीं आए। साथ ही भानुप्रतापपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन के पीछे किसका संरक्षण था, यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए। संघ ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि समय रहते निष्पक्ष और ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वह इस पूरे मामले को उच्च न्यायालय तक ले जाने के लिए बाध्य होगा।



